Nai Dunia (Indore), 11th September 2015, Page – 07

# आईआईटी की लैब में लगी आग

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के खंडवा रोड स्थित आईआईटी की लैब में गुरुवार शाम को अचानक आग लगने से खलबली मच गई। लैब में उस वक्त 20 छात्र थे, जिन्हें बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम अचानक लैब के एसी और कुछ अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों में आग लग गई। लैब में धुआं घुसने लगा तो फैकल्टी ने छात्रों को बाहर निकाल दिया। फिर इलेक्ट्रॉनिक विंग आई और लाइट बंद की। बाद में फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई।